# छह जिलों के 250 गांवों में भूमि अधिग्रहण अधिसूचना जारी

**पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे**

संवाददाता, पटना

**एनएचएआइ** ने पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे निर्माण के लिए छह जिले के 29 प्रखंडों में करीब 250 गांवों में भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी कर दी है. जमीन अधिग्रहण के बाद एक्सप्रेसवे का निर्माण शुरू होगा. इस संबंध में पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने मंगलवार को बताया है कि



इस परियोजना का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा. सरकार पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे का निर्माण तय समय में पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है. मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि कुल 281.95 किमी लंबाई में सिक्सलेन चौड़े इस एक्सप्रेसवे का निर्माण करीब 18,042.14 करोड़ रुपये की लागत से होगा. यह राज्य की सबसे महत्वाकांक्षी सड़कों में से एक है.